
# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, गुरुवार,26 फरवरी 2026


सुविचार



किसी देश की महानता और उसकी नैतिक उन्नति का अंदाजा हम वहां जानवरों के साथ होने वाले व्यवहार से लगा सकते हैं। - - महात्मा गांधी


**बरेली के प्रमुख समाचार**

- आत्मदाह कोशिश मामले में जनसुनवाई अधिकारी सस्पेंड-II
- कागजों में फर्म, 2.41 करोड़ के जीएसटी घोटाले का खुलासा-III
- पताका यात्रा के साथ रामलीला का शुभारंभ -IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| गुरुवार शाम | शुक्रबारवार सुबह |
| सुन्नी : 6:15 | सुन्नी : 5:15 |
| शिया : 6:23 | शिया : 5:08 |

# 700 से 14 हजार हुआ किराया, व्यापारियों का हंगामा

## नगर निगम कार्यालय में कई घंटे चला विरोध-प्रदर्शन, व्यापारियों के साथ सत्ता पक्ष-विपक्ष के पार्षद भी रहे शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सांसद छत्रपाल गंगवार और मेयर डॉ. उमेश गौतम ने संभाली स्थिति
- समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद ही माने व्यापारी

**अमृत विचार :** नगर निगम में दुकानों का किराया 700 रुपये से बढ़ाकर 14 हजार रुपये तक कर दिया गया। इसे लेकर गुस्साए व्यापारियों ने बुधवार को बड़ी संख्या में नगर निगम कार्यालय के परिसर में पहुंच कर जमकर विरोध प्रदर्शन कर हंगामा किए। कई घंटों तक चलता रहा। इस दौरान सत्ता और विपक्ष के पार्षद भी व्यापारियों का समर्थन करते दिखाई दिए। प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी हुई और अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश जताया। कई व्यापारियों के फोन पहुंचने पर सांसद छत्रपाल गंगवार और मेयर डा. उमेश गौतम ने मौके पर पहुंच कर समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद ही व्यापारी शांत हुए।



नगर निगम कार्यालय में मेयर डॉ. उमेश गौतम के सामने दुकानों के किराये का मुद्दा उठाते व्यापारी। ● अमृत विचार

नगर निगम की दुकानों के किराया और प्रीमियम दरों को लेकर नगर निगम और व्यापारी काफी समय से आमने-सामने हैं। बुधवार को ये मामला आक्रोश में तब्दील हो गया। कई पार्षद और व्यापारी नगर निगम कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मेयर, नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर तमाम दुकानदार धरने पर बैठ गए। व्यापारियों का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना और सहमति के किराया कई गुना बढ़ा दिया गया, जो छोटे दुकानदारों के लिए असंभव है। उनका कहना है कि पहले 700 रुपये मासिक किराया लिया जाता था, जिसे सीधे 14 हजार रुपये कर दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्षद राजेश अग्रवाल ने टैक्स कमेटी पर व्यापारियों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

पूर्व उपसभापति अतुल कपूर का कहना है कि शासन प्रशासन जनता के हित में काम कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम में इनकी अनदेखी हो रही है। व्यापारी परेशान हुए तो हम खुद सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के आवास पर पहुंचे। मेयर को इस मामले की सूचना दी। दोनों नगर निगम पहुंचे। वहीं, अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय का कहना है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

उधर, व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि किराया वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वाले व्यापारियों का कहना है कि पहले 700 रुपये मासिक किराया लिया जाता था, जिसे अचानक 14 हजार रुपये कर दिया गया। उनका तर्क है कि इतनी अधिक बढ़ोतरी छोटे दुकानदारों के लिए आर्थिक संकट खड़ा कर देगी। प्रदर्शन उग्र होने पर सांसद और मेयर को निगम पहुंचना पड़ा। उन्होंने व्यापारियों से बातचीत कर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।

## प्रतिष्ठानों के कर्मचारी भविष्य निधि में पंजीयन के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के क्रियान्वयन के लिए अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दूबे की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक हुई। क्षेत्रीय कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त-द्वितीय/ओआईसी ने बताया कि जिले 49 प्रतिष्ठान ऐसे हैं, जिनके कर्मचारी योजना के लिए पात्र हैं, लेकिन उनके कर्मचारियों को योजना का लाभ इसलिए नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि नियोक्ताओं ने प्रतिष्ठान का कर्मचारी भविष्य निधि में पंजीयन नहीं कराया है। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने श्रम विभाग को ऐसे नियोक्ता प्रतिष्ठानों का पंजीयन कर्मचारी भविष्य निधि में कराए जाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त अनिल कुमार, सहायक श्रम आयुक्त बाल गोविन्द, उन्मुक्त संभव शील आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### होली पर चार दिन बंद रहेंगे बैंक

**बरेली, अमृत विचार :** होली के अवसर पर फरवरी के अंत और मार्च के पहले सप्ताह में कुल चार दिन बैंक बंद रहेंगे। ग्राहकों को अपने जरूरी कार्य पहले निपटाने होंगे। 28 फरवरी को चौथे शनिवार और 1 मार्च को रविवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। 2 मार्च को होली का सार्वजनिक अवकाश रहेगा। 3 मार्च को बैंक खुलेंगे, जबकि 4 मार्च को धुलेंडी पर अवकाश रहेगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी निर्देश के अनुसार डिजिटल बैंकिंग और एटीएम सेवाएं सामान्य रूप से संचालित रहेंगी।

### सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदापुर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया है। ग्राम पंचायत ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पांच वर्ष पूर्व विकास खंड बिथरी चैनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए सरकारी धन आवंटित किया गया था। आरोप है कि इस धन का सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया। गलत तरीके से आवास बनाए गए।

### जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

**भोजीपुरा/ बरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम जादौपुर निवासी एक व्यक्ति से जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने इकरारनामा करने और भारी रकम वसूलने के बाद न तो बैनामा किया और न ही पैसे वापस किए। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुरुषोत्तम, लाजवती, संजय शर्मा और ओसमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीलिंग भूमि पर कब्जा, ध्वस्तीकरण के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली बवाल के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबी पर आरोप
- सीलिंग की करोड़ों रुपये की जमीन को बेचकर खुर्द-बुर्द करने का आरोप

**अमृत विचार :** नगर सीलिंग की करोड़ों रुपये की भूमि पर कब्जा होने की शिकायत मिलने पर शासन स्तर से एडीएम सिटी को जांच कराने के लिए कहा गया है। शिकायत पर अनु सचिव शिव पूजन ने प्रकरण की जांच के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

दरअसल, भगवा-ए-हिंद फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नासिर सिद्दीकी ने नगर सीलिंग की जमीन को करोड़ों रुपये में बेचने का आरोप लगाते हुए शासन में शिकायत की थी। एक हिस्ट्रीशीटर को भूमाफिया बताते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने पर अनु सचिव ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश जारी किए। वहीं, इसी क्रम में अपर निदेशक नगर भूमि सीमारोपण ने एडीएम सिटी को पत्र जारी कर कार्रवाई के लिए लिखा है।

शिकायतकर्ता ने शिकायत में बताया कि बरेली बवाल के मुख्य आरोपी तौकीर रजा का यह रिश्तेदार संगठित गिरोह बना कर जमीनों पर कब्जे कर रहा है। बरेली में हुए बवाल में भी उसकी सक्रिय भूमिका थी। आरोप है कि मिनी बाईपास से सटे गांवों और महलऊ, रहपुरा चौधरी जैसे इलाकों में सरकारी जमीन बेची गयी है। बिना नक्शा पास कराए अवैध कॉलोनी बनाई हैं। 20 दुकानों की मार्केट है। सिटी स्टेशन के पास अवैध होटल और जनकपुरी में अवैध मार्केट के फोटो भी शिकायत के साथ संलग्न किए थे।

# नगर निगम ने दिखाई सख्ती

## 30 व्यावसायिक संपत्तियां सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बकाया संपत्ति कर जमा न करने पर हुई कार्रवाई
- 15.74 लाख रुपये नगर निगम कोष में जमा कराए

**अमृत विचार :** नगर निगम टीम ने बुधवार को बकाया संपत्ति कर वसूलने के लिए सीलिंग अभियान चलाया। इस दौरान निर्धारित समयावधि में बकाया धनराशि जमा न करने पर 30 से ज्यादा व्यावसायिक संपत्तियां सील की गईं। एक दिन में 15.74 लाख रुपये का टैक्स जमा कराया गया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि अभियान के दौरान कई संपत्तियां सील की गईं। जोन-1 में कटघर और कुंवरपुर के कई भवन मालिक, जोन 2 में फाल्तूनगंज, आजमनगर और रामपुर बाग के व्यवसायिक भवन, जोन-3 में हरूनगला और जोन- 4 में दीनदयालपुरम की संपत्तियां शामिल रहीं। सीलिंग के दौरान कुल 1574452 रुपये नगर निगम कोष में जमा कराए गए। उन्होंने कहा कि बकाया संपत्ति कर वसूलने के लिए यह अभियान भविष्य में भी लगातार और सख्ती के साथ जारी रहेगा। सभी भवन मालिकों से अपील है कि वे किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए अपना बकाया संपत्ति कर जल्द जमा कराएं। फिलहाल, नगर निगम के संपत्ति कर विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। संपत्ति कर वसूलने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# छापेमारी : 208 लीटर सरसों तेल और 30 किलो रंगीन कचरी सीज

कार्यालय संवाददसाता, बरेली

- होली त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया अभियान, 13 नमूने भरे

**अमृत विचार :** होली त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी जारी है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के गठित दल ने बुधवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करके खाद्य पदार्थों के 13 नमूने भरे। साहू ट्रेडर्स पर 30 किलोग्राम रंगीन कचरी, मूल्य 1350 रुपये एवं 208.4 किग्रा सरसों के तेल, मूल्य 27092 को सीज कर दिया। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है।



मिलावट के शक में सरसों तेल सीज करता खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि चौधरी डेरी एंड कंफैक्शनरी करगैना से पनीर का एक नमूना, गुज्जर डेरी एंड स्वीट्स करगैना से खोया का एक नमूना, साहू ट्रेडर्स बाजार करगैना से रंगीन कचरी एवं सरसों तेल का एक-एक नमूना भरा। श्री हरि स्वीट्स गंज त्रिपोलिया आंवला से छेना मिठाई एवं खोया बर्फी का एक-एक नमूना, राज स्वीट्स गंज त्रिपोलिया से बेसन के लड्डू का एक, एनडी इंटरनेशनल शहदाना से सरसों का तेल एवं रिफाइंड पामोलीन ऑयल का एक-एक नमूना भरा। आशुतोष इंटरप्राइजेज रामपुर गार्डन से सरसों का तेल, ड्राई फ्रूट गुजिया एवं पनीर (अमूल ब्रांड) का एक-एक नमूना भरा। इसके साथ ही शिकायत के आधार पर किला स्थित मीट की दुकान का शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में निरीक्षण किया, कुछ कमियां मिलीं। आईजीआरएस पर शिकायत के आधार पर अजन्ता स्वीट्स सुभाषनगर से आलू पेटीज का एक नमूना भरा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि संग्रहित नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक को भेज दिए हैं। आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिकी रोकने को अभियान जारी रहेगा।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 से 1:30 बजे तक।
- 166 वीं ऐतिहासिक रामलीला का मंचन नरसिंह मंदिर बड़ी बमनपुरी में रात 8 बजे।
- राजश्री ग्रुप इंस्टीट्यूशन के स्थापना दिवस पर समारोह आह्वान में पद्मश्री पार्श्व गायक कैलाश खेर छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों को करेंगे प्रोत्साहित और स्टार नाइट रात 8 बजे।

# जिला अस्पताल में 18 घंटे गुल रही बिजली, बाधित हुई स्वास्थ्य सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बीते 18 घंटे से बिजली सप्लाई ठप होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गईं। मंगलवार शाम करीब 6 बजे से गायब हुई बिजली बुधवार दोपहर तक पूरी तरह से बहाल नहीं हो सकी। अस्पताल प्रशासन फिलहाल जनरेटर के सहारे आवश्यक सेवाएं संचालित कर रहा है।

बिजली बाधित होने से बुधवार को पैथोलॉजी जांच, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड सहित कई महत्वपूर्ण जांच सेवाओं पर सीधा असर पड़ा है। एक्सरे और अल्ट्रासाउंड की जांच में लगभग 30 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। कई मरीजों के एक्सरे समय पर नहीं हो सके, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से बिजली विभाग की टीम फॉल्ट तलाशने में जुटी हुई है, लेकिन दोपहर तक खराबी का पता नहीं चल सका था।



जिला अस्पताल में फाल्ट ठीक करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

- मंगलवार की शाम 6 बजे से गायब हो गई थी बिजली

> 33 केवी की लाइन में मंगलवार की रात फाल्ट हो गया था। रात में ही दूसरी लाइन से जिला अस्पताल की बिजली आपूर्ति को शुरू कर दिया गया था।
> –नितिन सिंह, अधिशासी अभियंता

> बिजली विभाग की टीम बिलकुल गलत बोल रही है। रात में फाल्ट हुआ था। जिला महिला अस्पताल की लाइट रात में सही हो गई थी। वहीं जिला अस्पताल की लाइन बुधवार को दोपहर दो बजे के लगभग सही हुई। रही बात एक्सरे की तो हमारी एक मशीन के कनेक्शन में कमी थी। बाकी मशीनें सही काम कर रही थीं।
> –डॉ. अजय मोहन, मंडलीय अपर निदेशक

# अब सड़क किनारे खड़े बिजली पोल भी हटेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यातायात में बाधक बन रहे बिजली के पोलों को किया जाएगा शिफ्ट
- अभी सड़क के किनारे कुछ और पेड़ों को काटकर हटाया जाएगा

**अमृत विचार :** रामपुर रोड समेत शहर में अन्य क्षेत्रों में सड़क किनारे लगे बिजली के पोल और पेड़ को हटाने को लेकर अभियान शुरू कर दिया गया है। वन विभाग ने मंगलवार को रामपुर रोड पर दर्दनाक हादसे का सबब बने पेड़ समेत सड़क किनारे खड़े चार पेड़ों को हटा दिया गया। इसके साथ ही अब बिजली विभाग के ऊपर सड़क किनारे खड़े बिजली के पोलों को शिफ्ट करने का दबाव है। महकमे ने ऐसे पोलों को हटाने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है।

जिला रामपुर के कल्याणपुर शहजाद नगर निवासी गोविंद अपने बुआ के बेटे राहुल की शादी में शामिल होने के लिए शनिवार की रात शाही क्षेत्र के मंसूरगंज गांव आए थे।

बरात शाही क्षेत्र से करेली करगैना गांव गई थी। बरात से खाना खाकर गोविंद रामपुर लौट रहे थे। किला क्षेत्र में रामपुर रोड पर स्वालेनगर के पास गलत दिशा से आए वाहन से बचने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई थी। हादसे में गोविंद की पत्नी मनी, पिता खेमकरण और फूफा की मौत हो गई थी, जबकि गोविंद, उसका 2 साल का बेटा आर्यन और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दिशा की बैठक में सोमवार को हादसे की गूंज सुनाई पड़ी। बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने सड़क किनारे खड़े पेड़ और बिजली के पोलों का मुद्दा उठाया। चौतरफा घिरे वन विभाग ने मंगलवार को सड़क किनारे खड़े पेड़ों को काटकर सड़क साफ की।



पीलीभीत बाईपास पर बीच सड़क पर पोल।

इसके साथ ही वन विभाग अन्य क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े पेड़ों का सर्वे कर रहा है, जिससे उन्हें हटाया जा सके। वन विभाग की सक्रियता के बाद बिजली विभाग के ऊपर बेतरतीब खड़े पोलों को हटाने का दबाव आ गया है। महकमे ने भी सड़क किनारे खड़े बिजली के पोलों का सर्वे शुरू कर दिया है।

अधिशासी अभियंता नितिन सिंह ने बताया कि सर्वे के बाद सड़क के किनारे लगे पोलों को थोड़ा पीछे शिफ्ट किया जाएगा, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों को दिक्कत न हो और हादसे का खतरा न रहे।

**महत्वपूर्ण कदम** | हाईटेक एवोकाडो उद्यान की स्थापना कर एमजेपीआरयू बना क्षेत्रीय कृषि नवाचार का केंद्र

# रुहेलखंड की जलवायु और मिट्टी में उगेगा एवोकाडो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड क्षेत्र में पहली बार हाई-टेक एवोकाडो उद्यान की स्थापना कर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बागवानी अनुसंधान और वैकल्पिक फसल प्रणाली के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर के गेट नंबर 2 के समीप एवोकाडो उद्यान विकसित कर क्षेत्रीय कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। यह परियोजना को वीसी प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन में विकसित किया जा रहा।



कृषि एवं प्रोद्योगिक संकाय के डीन डॉ. उपेंद्र वालियान के नेतृत्व में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा एवोकाडो का मॉडल उद्यान स्थापित की जा रहा। उद्यान में विश्व प्रसिद्ध पिंकर्टन, हैस, लैम्ब हैस और रीड की उन्नत किस्में रोपित की जा रही हैं। ये किस्में उच्च उत्पादन क्षमता, बेहतर गुणवत्ता, क्रीमी गूदे और लंबी शेल्फ लाइफ के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में लोकप्रिय हैं। उन्होंने बताया कि अब तक एवोकाडो को केवल पहाड़ी या दक्षिणी राज्यों की फसल माना जाता रहा है, लेकिन इस पहल के माध्यम से रुहेलखंड की जलवायु और मिट्टी में इसकी अनुकूलता का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ इन किस्मों की वृद्धि दर, फलन, गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता पर नियमित अनुसंधान करेंगे, जिससे स्थानीय किसानों को प्रामाणिक आंकड़ों के आधार पर एवोकाडो की खेती करने का मार्गदर्शन मिल सकेंगा। इसके लिए उद्यान में आधुनिक ड्रिप सिंचाई प्रणाली लागू की गई है। जिससे पौधों को नियंत्रित मात्रा में पानी और पोषक तत्व उपलब्ध कराए जा सकें। इससे 40-60 प्रतिशत तक जल की बचत के साथ पौधों की संतुलित वृद्धि सुनिश्चित होती है।

- प्रमाणिक आंकड़ों के आधार पर क्षेत्रीय अनुकूलता का होगा अध्ययन
- किसानों को एवोकाडो की खेती करने का मिलेगा मार्गदर्शन बढ़ेगी आय

> एवोकाडो एक उच्च मूल्य वाली फल फसल है, जिसकी मांग महानगरों और निर्यात बाजार में लगातार बढ़ रही है। यदि क्षेत्रीय स्तर पर इसकी सफल खेती सिद्ध होती है, तो यह पारंपरिक फसलों के विकल्प के रूप में किसानों की आय दोगुनी करने में सहायक हो सकती है।
> प्रो. केपी सिंह, कुलपति रुहेलखंड विश्वविद्यालय

> उद्यान भविष्य में शोध, प्रायोगिक अध्ययन और किसान प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां किसानों को पौध चयन, रोपण तकनीक, पोषण प्रबंधन और विपणन रणनीति का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।
> डॉ. उपेंद्र वालियान, डीन कृषि एवं प्रोद्योगिक संकाय

## होली से पहले शिक्षकों को मिलेगा वेतन

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और शिक्षकों को इस बार होली से पहले वेतन जारी किया जाएगा। ताकि कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की अगुआई में संगठन ने होली से पूर्व वेतन और पेंशन जारी करने की मांग उठाई थी। वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने सीटीओ और एओ बेसिक शिक्षा से समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया कि होली से पहले वेतन और पेंशन जारी कर दिए जाएं, जिससे शिक्षकों और कर्मचारियों की होली सच मायनों में रंगों से भर सके और त्योहार की खुशियां दोगुनी हों।

# बच्चों संग मारपीट करने वाले रिटायर्ड फौजी पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्कूल के अंदर घुसकर दो छात्रों के साथ मारपीट करने और उन्हें उल्टा लटकाकर दहशत फैलाने के आरोपी रिटायर फौजी के खिलाफ कैंट पुलिस ने प्रधानाचार्य की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि बच्चों के साथ मारपीट के दौरान रिटायर्ड फौजी को समझाने का प्रयास किया गया तो उसने शिक्षिकाओं से भी अभद्रता की।

कैंट के भरतौल गांव स्थित जूनियर हाई स्कूल में रशीदा बानो प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी की दोपहर गांव का ही रहने वाला रिटायर्ड फौजी अरविंद कुमार अचानक स्कूल परिसर में आ गया और कक्षा में घुसकर बच्चों के साथ मारपीट की। विरोध करने पर उसने अध्यापिकाओं के साथ अभद्रता की और छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार किया। आरोपी ने कक्षा 8 के दो छात्रों को बुरी तरह मारा और फिर उनको उलटा लटका दिया। यह भी आरोप है कि अरविंद ने 24 फरवरी की सुबह स्कूल आ रही छात्रा को भी रोका और जबरदस्ती अपने घर आकर पढ़ने के लिए बोलने लगा। अरविंद के व्यवहार से बच्चे डरे हुए हैं और स्कूल आने में भी भयभीत हो रहे हैं। प्रधानाचार्य की शिकायत पर कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।




# शराब पीने और ड्यूटी से गायब रहने पर छह पुलिस कर्मी निलंबित

## ट्रेनिंग से गायब रिक्रूट आरक्षी की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी, कार्रवाई की जद में आए पुलिसकर्मी लंबे समय से चल रहे गैरहाजिर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने शराब पीने और लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे छह पुलिस कर्मियों को बुधवार को निलंबित किया है, जबकि आधारभूत प्रशिक्षण से गायब चल रहे एक रिक्रूट आरक्षी को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है।

वह गैरहाजिर होकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लिप्त पाया गया है। एसएसपी की कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि कोतवाली में तैनात आरक्षी कृष्ण गोपाल 25 नवंबर 2025 से स्वीकृत शुदा उपार्जित अवकाश पर रवाना होने के बाद अवकाश समाप्त होने के बाद 9 दिसम्बर 2025 को उपस्थित न होकर अनधिकृत रूप लगातार गैर हाजिर चलने पर निलंबन की कार्रवाई की गयी है। सिंगल विंडो पर तैनात आरक्षी केशव कुमार 18 जनवरी को 30 दिन के उपार्जित अवकाश पर रवाना होने के बाद अवकाश



एसएसपी अनुराग आर्य।

समाप्त होने के बाद 17 फरवरी को उपस्थित न होकर गैरहाजिर रहने पर निलंबित किया गया। सिंगल विंडो पर ही तैनात आरक्षी प्रशांत कुमार 22 जनवरी को छह दिन के आकस्मिक अवकाश पर गए थे, लेकिन 29 जनवरी से लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं। रिक्रूट आरक्षी अभिषेक सिंह रिजर्व पुलिस लाइन बरेली में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान 24 अगस्त को दो दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं।

इस पर चयन निरस्त करने के लिए नोटिस निर्गत किया गया है। एलआईयू की जांच में आरक्षी/रिक्रूट आरक्षी अभिषेक प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते पाया गया। मुख्य आरक्षी सुरजीत सिंह की डयूटी 22 नवंबर 2025 को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की फ्लीट में लगने के बाद मुख्य आरक्षी महत्वपूर्ण ड्यूटी पर उपस्थित न होकर बिना अनुमति लगातार गैरहाजिर होने पर निलम्बन की कार्यवाही की गयी है। मुख्य आरक्षी संजीव कुमार की ड्यूटी 9 दिसंबर को बंदी पेशी सेशन हवालात पर लगाई गई थी, लेकिन वह गैरहाजिर चल रहे हैं। इस पर उनके निलंबन की कार्रवाई की गई है। थाना फतेहगंज पूर्वी पर तैनात मुख्य आरक्षी रविन्द्र सिंह शराब पीने के आदी हैं। उच्चाधिकारी के समझाने के बावजूद आदेश/निर्देश का पालन न करने, थाना कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने, परीक्षा स्ट्रांग रूम डयूटी लगने पर शराब का सेवन कर चौकीदार के साथ दुर्व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप संज्ञान में आने के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। एसएसपी की कार्रवाई के बाद अन्य पुलिस कर्मियों में हड़कप मचा हुआ है।

## चाकू से किया हमला पिता-पुत्र घायल

**बरेली, अमृत विचार :** पैसे के लेनदेन को हुए विवाद में कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर पिता-पुत्र को घायल कर दिया।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर निवासी अजय ने बताया कि मंगलवार दोपहर बाइक से मढ़ीनाथ के रास्ते नेकपुर घर आ रहा था। आरोप है कि पिछले दिनों पैसे के लेनदेन को लेकर हुई कहासुनी के बाद आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें उसका बेटा भी घायल हो गया। मामले में सुभाषनगर पुलिस ने अभिनव यादव, श्याम यादव, संजेश यादव, विवेक यादव समेत 8 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# आत्मदाह कोशिश मामले में जनसुनवाई अधिकारी सस्पेंड

## लापरवाही : पड़ताल में आया सामने तीन बार थाने गया था डिलीवरी ब्वॉय, जनसुनवाई अधिकारी ने नहीं दर्ज की थी शिकायत

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **एसपी सिटी की रिपोर्ट के आधार एसएसपी ने की कार्रवाई**
- **दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच एसपी उत्तरी को सौंपी गई**

**अमृत विचार :** बारादारी थाने के गेट पर डिलीवरी ब्वॉय द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश के मामले में लापरवाही बरतने पर जनसुनवाई अधिकारी एसआई को एसएसपी ने बुधवार की रात सस्पेंड करके विभागीय जांच शुरू कर दी है।

फतेहगंज पश्चिमी निवासी अक्षय कुमार ने मंगलवार की रात थाना बारादरी के गेट पर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। एसएसपी ने अनुराग आर्य ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिख को जांच करके रिपोर्ट देने को कहा था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पाया गया कि अक्षय कुमार 24 फरवरी को तीन बार बारादरी थाने गया था। इस दौरान थाना बारादारी की जन शिकायत हेल्प डेस्क पर तैनात उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा मौजूद थे। उनका दायित्व था कि थाने पर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत सुनते हुए उनका प्रार्थना पत्र प्राप्त करके जनसुनवाई रजिस्टर में दर्ज करके उच्च अधिकारियों को सूचना दें, लेकिन जनसुनवाई अधिकारी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने ऐसा न करके प्रकरण में संवेदनहीनता दिखाकर अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई। जांच रिपोर्ट में जनसुनवाई अधिकारी की लापरवाही मिलने पर एसएसपी ने बुधवार की रात उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करके विभागीय जांच अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी को दी है।

**बारादरी पुलिस ने दर्ज किए दो मुकदमे जांच शुरू :** बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाने के गेट पर मंगलवार की रात खुद को आग के हवाले करने वाले युवक के मामले में बारादरी पुलिस ने दो मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मुकदमा माधोबाड़ी निवासी आकाश ने दर्ज कराया है। आकाश ने बताया की 23 फरवरी को उसके चाचा चंद्रसेन अपनी बाइक से जा रहे थे। उनकी बाइक में सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें उन्हें चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं दूसरा मुकदमा थाने के गेट पर आग लगाने वाले अक्षय की तहरीर पर लिखा गया है। अक्षय ने बताया कि 23 फरवरी को वह गंगापुर में ऑर्डर देने गया था। उसने अपनी बाइक खड़ी की थी, लेकिन उसमें चाबी लगी रह गई थी। आरोप है कि जब वह ऑर्डर देकर वापस आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक एक नशेड़ी ले जा रहा था। नशेड़ी युवक ने उसकी बाइक से दूसरी बाइक में टक्कर मार दी थी।

इसकी सूचना उसने डायल 112 पर कॉल करके दी थी। इस मामले में बारादरी पुलिस में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि दो मुकदमे दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

### होटल में विवाद, तीन युवकों पर खौलता तेल फेंका

- **एक की हालत गंभीर, सुभाषनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**बरेली, अमृत विचार :** विवाद होने पर होटल मालिक ने तीन युवकों पर कढ़ाई का खौलता तेल फेंक दिया। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला गणेशनगर निवासी अस्मित तोमर ने बताया कि उसका भाई आदित्य तोमर दोस्त करन ठाकुर के साथ मंगलवार को खाना लेने के लिए राम किशोर भोजनालय पर गया था। उसके भाई ने देरी पर खाना जल्दी देने के लिए कहा। आरोप है कि इसपर होटल मालिक राम किशोर ने कारीगर के साथ गालियां देनी शुरू कर दीं। उसके भाई ने उसे फोन करके सूचना दी। उसके बाद उसने मौके पर जाकर समझाने का प्रयास किया तो आरोपी होटल मालिक उसे भी गालियां देने लगा। आरोप है कि इस दौरान होटल मालिक ने जान से मारने की नियत से तीनों पर खौलता तेल फेंक दिया। तीनों लोग झुलस गए। पुलिस ने रामकिशोर और अज्ञात कारीगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## थाने के गेट पर आग लगाने वाले डिलीवरी ब्वॉय की हालत खतरे से बाहर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **बारादरी थाने के गेट पर मंगलवार रात आग लगाकर जान देने का किया था प्रयास**
- **झुलसे डिलीवरी ब्वॉय के परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की लगाई गुहार**

**अमृत विचार :** बारादरी थाना गेट पर आग लगाकर जान देने का प्रयास करने वाले डिलीवरी ब्वॉय की हालत अब खतरे से बाहर है। शरीर के ऊपरी हिस्से में झुलसे डिलीवरी ब्वॉय का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। परिवार के लोग पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं।

फतेहगंज पश्चिमी निवासी 32 वर्षीय अक्षय कुमार कश्यप ने मंगलवार की रात बारादरी थाने के गेट पर आकर पेट्रोल भरी बोतल अपने ऊपर उड़ेलकर खुद को आग लगा ली। आग की लपटें देखकर पहरे पर खड़े पुलिसकर्मी व अन्य स्टाफ ने किसी तरह आग बुझाई। उसे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया। पूछताछ में अक्षय ने बताया था कि वह कोतवाली के पीछे रहता है और



जिला अस्पताल में भर्ती घायल।

एक कंपनी में डिलीवरी ब्वाय है। गंगापुर में सोमवार रात आठ बजे डिलीवरी देने आया था। वहां उसकी बाइक शराब की दुकान के पास खड़ी थी।

उसमें चाबी भी लगी थी, लेकिन एक युवक उसकी बाइक लेकर भागने लगा। बाइक लेकर भाग रहे युवक ने माधोबाड़ी निवासी आकाश को टक्कर मार दी। इससे आकाश घायल हो गया। पुलिस उसकी बाइक थाने ले आई थी। जिसे छुड़ाने के लिए वह थाने के चक्कर लगा रहा था।

> बारादरी थाने के गेट पर मंगलवार की रात युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह से आग बुझाकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद अब युवक की हालत खतरे से बाहर है। इस मामले में विस्तृत जांच के बाद रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी गई है। लापरवाहों के खिलाफ कार्रवाई होगी।
> **- मानुष पारीक**, एसपी सिटी

उधर, बारादरी पुलिस का कहना है कि युवक से कहा गया था कि कानूनी प्रक्रिया के बाद ही बाइक दी जाएगी। इसके बाद उसने मंगलवार को खुद को आग के हवाले करके जान देने का प्रयास किया था। फिलहाल अब युवक की हालत खतरे से बाहर है।




# व्यापारी से मांगी फिरौती हत्या करने की दी धमकी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **कॉल करने वाला बोला- रामपुर और मुरादाबाद आए तो कर लेंगे अपहरण**
- **रामपुर निवासी आरोपी पर किला थाने में रिपोर्ट दर्ज पुलिस कर रही जांच**

**अमृत विचार:** किला क्षेत्र के व्यापारी से रामपुर का युवक कॉल करके फिरौती मांग रहा है। पैसे नहीं देने पर अपहरण के बाद हत्या करने की धमकी दी जा रही है। इससे व्यापारी और उसका परिवार दहशत में है। किला पुलिस ने रामपुर निवासी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

किला थाना क्षेत्र के साहूकारा निवासी संजय अग्रवाल ने बताया कि 12 फरवरी को रात 9 बजे उसके नंबर पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम राजेश निवासी रामपुर बताया। आरोप है कि कॉल करने वाले ने कहा उसके खाते में एक लाख रुपये डाल दें। इस पर व्यापारी ने कहा कि वह उसे जानता तक नहीं है, ऐसे में वह एक लाख रुपये उसके खाते में नहीं डाल सकता। इसके बाद कॉल करने वाले ने फोन काट दिया। आरोप है कि 13 फरवरी को उसके पास फिर से कॉल आई और पैसे की मांग की गई। मना करने पर आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि अगर पैसे नहीं दिए तो रामपुर और मुरादाबाद में व्यापार करने आएगा तो अपहरण कर लेगा। अगर जान प्यारी है तो अब एक लाख नहीं बल्कि दो लाख रुपये दे। आरोप है कि कॉल करने वाले ने कहा कि जितने दिन बढ़ाएगा उतने ही रुपये एक लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ते जाएंगे। आरोपी ने 14 फरवरी को फिर कॉल किया और गालियां देते हुए कहा कि पैसे नहीं देने पर उसका अपहरण करके हत्या कर दी जाएगी। उसकी लाश भी परिजनों को नहीं मिलेगी। इसके बाद व्यापारी ने डर की वजह से जिस नंबर से कॉल आ रही हैं उसे ब्लॉक कर दिया। किला पुलिस ने रामपुर जिले के ज्वालानगर आगापुर सिविल लाइंस निवासी राजेश कुमार उर्फ बब्लू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़क हादसे में घायल ई रिक्शा चालक की मौत

- **नकटिया पुल के पास मंगलवार रात अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर**

**बरेली, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिसमें ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

बारादरी थाना क्षेत्र के हजियापुर निवासी रईस (60 वर्ष) ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। वह मंगलवार की रात ई रिक्शा लेकर नकटिया की तरफ गए थे। नकटिया पुल के पास मंगलवार की रात उनकी ई रिक्शा में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को हादसे की सूचना दी।

ई रिक्शा चालक की बुधवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मकान और ऑटोमोबाइल्स टेस्टिंग में लाखों की चोरी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** सीबीगंज में एक मकान से लाखों रुपये की चोरी हो गई, जबकि बिथरी चैनपुर में ऑटोमोबाइल्स टेस्टिंग से भी कीमती सामान चोरी हो गया। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

किला थाना क्षेत्र के छोटी बमनपुरी निवासी अतुल शर्मा ने बताया कि बिथरी चैनपुर क्षेत्र में उनका फीनिक्स ऑटोमोबाइल्स टेस्टिंग बरेली प्राइवेट लिमिटेड है। चोरों ने 22 फरवरी की रात परिसर के पीछे की बाउंड्री की दीवार काटकर परिसर से एसी और आउटडोर यूनिट्स चोरी कर लिए। इसकी जानकारी उन्हें सुबह आफिस पहुंचने पर हुई। इसके अलावा थाना सीबीगंज क्षेत्र के जौहरपुर निवासी योगेश शर्मा ने बताया कि उनके पति बाहर काम करते हैं और कुछ दिन पहले वह मायके गई थीं। पड़ोसी के 24 फरवरी की सुबह फोन पर सूचना देने पर जब वह घर वापस आईं, तो देखा कि उनके घर का मुख्य ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर कमरे का ताला और अलमारी का ताला भी टूटा मिला। अलमारी में रखा मंगल सूत्र, सोने की पायल, दो सोने की अंगूठियां गायब थीं। बिथरी चैनपुर और सीबीगंज पुलिस ने दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रेन में बैग से नकदी और लाखों के जेवर चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बाघ एक्सप्रेस ट्रेन में पत्नी के साथ सफर कर रहे एक चिकित्सक के ट्राली बैग से लाखों की कीमत के जेवर और नकदी चुरा ली गई। घर आने पर इसकी जानकारी हुई। बारादरी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। संजय नगर निवासी डॉ. सत्येन्द्र गुप्ता ने बताया कि वह 11 फरवरी को 13019 ट्रेन के कोच नंबर एस टू से पत्नी के साथ गोरखपुर से बरेली की यात्रा कर रहे थे। 12 फरवरी को यात्रा समाप्त होने के बाद वह घर पहुंचे। जब ट्राली बैग खोलकर देखा तो उसमें रखा नेकलेस, ईयररिंग, टीका, अंगूठी, चेन, पाजेब समेत 2 हजार रुपये की नकदी गायब थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्राली बैग का ताला तोड़कर जेवर निकाल लिए। मामले में बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पी गए एक हजार करोड़ की शराब

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के मदिरा प्रेमी जाम छलकाने में पीछे नहीं रहे। इस वर्ष अभी तक शराब के शौकीनों ने एक हजार करोड़ रुपये की शराब गटक गए हैं। इसमें सबसे अधिक बिक्री देसी शराब की हुई है। रिकार्ड शराब की बिक्री से आबकारी विभाग को भी अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। पूरे जिले में शराब परोसने वाले कुल 29 बार लाइसेंसधारी भी हैं। कच्ची शराब पीने से हुई लोगों की मौत के बाद उसे बनाने और बेचने वालों पर आबकारी के साथ पुलिस ने भी शिकंजा कस दिया है। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल से अब तक बरेली जिले में एक हजार करोड़ रुपये की शराब बेची जा चुकी है।

# जंक्शन पर जीआरपी जवानों ने सीपीआर देकर बचाई यात्री की जान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **ट्रेन से उतरते समय प्लेटफार्म पर गिर गया था यात्री, वीडियो वायरल**

**अमृत विचार :** ट्रेन से उतरते समय बिहार निवासी एक यात्री बेसुध होकर प्लेटफार्म पर गिर गया। उसकी सांसें लगभग थम सी गई थीं। परिजनों ने रोना शुरू कर दिया, लेकिन तभी जीआरपी के दो जवान फरिश्ता बनकर पहुंचे, उन्होंने सीपीआर देकर यात्री की जान बचाई। यात्री को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

जंक्शन जीआरपी थाने के इंस्पेक्टर एसके वर्मा ने बताया कि दो दिन पहले 15567 अमृत भारत ट्रेन से दिनेश मोनिया निवासी ग्राम बहेड़ा थाना गुरारू जिला गया बिहार स्लीपर कोच से बरेली की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन में ही दिनेश को हार्ट अटैक आ गया। बरेली जंक्शन पर ट्रेन के रुकने पर वह बेहोश होकर प्लेटफार्म पर गिर पड़े। सूचना पर प्लेटफार्म पर डयूटी कर रहे जीआरपी के हेड कांस्टेबल सोमपाल सिंह, कांस्टेबल हरिओम और अरुण कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और सीपीआर देकर यात्री की जान बचाई।

इंस्पेक्टर के अनुसार राहत मिलने पर परिजन दिनेश को अस्पताल ले गए, जहां उनका



यात्री को सीपीआर देते जवान।

इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने भी माना कि अगर समय रहते सीपीआर नहीं मिलती तो जान भी जा सकती थी।

## डोडा तस्कर ने कबूला जुर्म, 10 माह 17 दिन कैद

**बरेली, अमृत विचार:** डोडा अफीम तस्करी के आरोपी प्रेमनगर कोहाड़ापीर फैयाज बिल्डिंग निवासी लालू उर्फ कासिब उर्फ भइये ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राघवेंद्र मणि के समक्ष जुर्म कबूल कर लिया। अदालत ने 10 माह 17 दिन का कठोर कारावास व 3 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली में तैनात एसआई विक्रम सिंह ने गश्त के दौरान रेलवे कॉलोनी के पास 4 मार्च 2021 को लालू को ढाई किलो डोडा अफीम चूरा व एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा था।

सिटी ब्रीफ

## किसानों को बांटी गई मोची किट

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में डीएपीएससी परियोजना के अंतर्गत विभिन्न गांवों से आए 45 किसानों को बुधवार को मोची किट बांटी गई। डॉ. मतीन अंसारी ने सभी किसानों को बैकयार्ड मुर्गी पालन अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. संदीप सरन ने गर्मियों में मुर्गियों की देखभाल के बारे में बताया। निदेशक डॉ. जगबीर सिंह त्यागी ने लाभार्थियों को बधाई दी।

## शिक्षामित्रों ने एमएलसी का स्वागत किया

बरेली, अमृत विचार : मानदेय में बढ़ोतरी करने, कैशलेस इलाज की सुविधा व ट्रांसफर किए जाने की घोषणा के बाद शिक्षामित्रों ने एमएलसी महाराज सिंह का स्वागत किया। प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला महामंत्री कुमुद केशव पांडे ने कहा कि अब सरकार हम लोगों के अच्छे दिन लाने की सोच रही है। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, राजेश गंगवार, गिरीश पाल, रोहित शर्मा, विनीत चौबे, अनिल गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## मुझे पुलिस ने तलब नहीं किया : एचआर मैनेजर

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज स्थित सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (शराब फैक्ट्री) में आयकर जांच के दौरान फैक्ट्री के एचआर मैनेजर दिनेश मिश्रा ने पुलिस द्वारा तलब करने की बात से साफ इंकार किया है। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि फैक्ट्री में 21 फरवरी को आयकर टीम द्वारा जांच करने के दौरान मुझे सीबीगंज थाना पुलिस द्वारा ऐसा कोई नोटिस न तो भेजा गया और न ही मुझे पुलिस के माध्यम से तलब किया गया था। बता दें कि हाल ही में आयकर टीम ने तीन दिन रहकर शराब फैक्ट्री में जांच कर कागजात खंगाले थे।

## अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को भूमि चिन्हांकन के निर्देश

बरेली, अमृत विचार : डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार शाम अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के लिए स्थलों के चयन व खाद्य तथा रसद विभाग में प्रचलित योजनाओं की प्रगति के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जगहों पर अभी तक जमीन का चयन नहीं हो पाया है, वहां शीघ्र चिन्हांकन कराएं।

# उद्यमियों को समस्याओं पर फिर मिला पुराना जवाब

- जिला उद्योग बंधु की बैठक में बिजली, सड़क, सफाई, खराब स्ट्रीट लाइटों के मुद्दे फिर उठे
- विभागीय अधिकारियों ने दिया रटा-रटाया जवाब, टेंडर करा रहे हैं या फिर बजट नहीं मिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद एडीएम सिटी सौरभ दुबे और उद्यमी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला उद्योग बंधु की बैठक में बुधवार को भी उद्यमियों के सवालों पर उन्हें वही जवाब मिले, जो पिछले तीन बैठकों में मिलते आ रहे हैं। सीबीगंज, परसाखेड़ा, रिछा समेत कई औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली न आने, उखड़ी सड़क, सफाई न होने, खराब स्ट्रीट लाइटें, अंडर ग्राउंड केबिल न बिछाए जाने के मुद्दे कई बैठकों से उठते आ रहे हैं। कई उद्यमियों ने एडीएम सिटी सौरभ दुबे के समक्ष फिर इन मामलों को रखा। एडीएम सिटी ने नगर निगम, बिजली व पीडब्ल्यूडी, यूपीसीडा आदि विभागों से मुद्दों के संबंध में प्रगति जानी। विभागों के अफसरों ने रटा-रटाया जवाब दिया कि टेंडर करा रहे हैं, बजट नहीं मिला है, फायर ब्रिगेड सब स्टेशन के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। फिलहाल, एडीएम सिटी ने विभागीय अफसरों को अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार दोपहर बाद हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक में राइस मिलर्स एसोसिएशन की ओर से कई सड़कों के निर्माण का उठाया गया मुद्दा फिर उठा। अटामांडा शाही मार्ग के शीघ्र टेंडर होने की बात कही गयी। रिछा में फायर स्टेशन निर्माण की मांग पर भूमि अभी तक उपलब्ध न होने की बात सामने आई, इस पर एडीएम सिटी ने तहसीलदार को कॉल कर भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। रिछा-भोजीपुरा क्षेत्र में एक फायर स्टेशन के निर्माण पर दोनों ब्लॉकों की सीमा पर भूमि उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बिथरी चैनपुर, क्यारा में भी फायर स्टेशन के लिए भूमि की तलाश बतायी गयी। सेंट्रल यूपी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष की ओर से पिछली बैठक में उठाए ग्राम रसुइया लिंक रोड (सॉलिड वेस्ट प्लांट वाली रोड को सथरापुर लिंक रोड से जोड़ने वाली सड़क) के निर्माण पर चर्चा हुई। भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने दोहना टोल प्लाजा पर जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। रिछा में विद्युत उपकेंद्र के निर्माण का मामला उठाया। इसमें विद्युत वितरण खंड बहेड़ी के अभियंता ने बताया कि रिछा औद्योगिक पोषक द्वितीय की शेष एक किमी लाइन के सुदृढ़ीकरण का कार्य बिजनेस प्लान 2026-27 से प्रस्तावित कर लिया है। बिजनेस प्लान स्वीकृत होने व वित्तीय अनुमोदन प्राप्त होने पर कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

सीबीगंज औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आस्थान की 90 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें खराब होने और अंडरग्राउंड केबिल न बिछाए जाने का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे को वह कई बार उठा चुके हैं। नगर निगम के मौजूद अधिकारी ने कह दिया कि यह आस्थान नगर निगम के अधिकार में नहीं है, यूपीसीडा देखता है। इस पर उन्हें राजेश गुप्ता ने बताया कि यह औद्योगिक आस्थान नगर निगम के अधिकार में ही है। यूपीसीडा के अधिकार में परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान है। इस पर निगम के अधिकारी ने कहा कि यहां की स्ट्रीट लाइटें ठीक कराने व केबिल बिछाने के संबंध में उच्चाधिकारियों से चर्चा करेंगे। आईआईए के चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने मथुरापुर के ग्राम बंडिया में सड़कों एवं नालियों के टूटने का मुद्दा उठाया। फरीदपुर औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने कई मामले उठाए।

## गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई के बारे में बताया

**कैंट/बरेली, अमृत विचार :** विकास खंड क्यारा के बुखारा फरीदपुर मार्ग पर सिमरा बोरीपुर स्थित सिद्धबाबा मंदिर प्रांगण में द्वारिकेश चीनी मिल के अधिकारियों द्वारा हुई कृषक गोष्ठी में मुख्य महाप्रबंधक गन्ना पी.के. चतुर्वेदी ने गन्ने को उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई करने के बारे में बताया। द्वारकेश शुगर मिल के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, उप महाप्रबन्धक गन्ना दिनेश कुमार शर्मा ने अनुदान के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रबंधक विकास सिंह, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गितेन्द्र सिंह कुशवाहा, धीरज सिंह, प्रदीप कुमार के अलावा मंदिर के महंत नारायण गिरी, सुखबीर सिंह, सुभाष सिंह, अहिवरन यादव, वीरेंद्र पाल शर्मा, प्रदीप कुमार, आशीष सक्सेना, राम रतन समेत अन्य मौजूद रहे।

# कागजों में फर्म, 2.41 करोड़ के जीएसटी घोटाले का खुलासा

### जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त ने पांच फर्मों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा



- भोजीपुरा पुलिस इन फर्मों की खंगाल रही कुंडली, जल्द होगी गिरफ्तारी

**अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेजों के सहारे पांच बोगस फर्म बनाकर कागजों पर फर्म चलाते हुए 2.41 करोड़ रुपये का जीएसटी घोटाला किया गया। जालसाजों ने बिना किसी व्यापार के कागजों पर बिल काटकर 2.41 करोड़ रुपये टैक्स की चोरी की। जीएसटी विभाग की जांच में इसका खुलासा होने के बाद राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सिंह ने पांच फर्मों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सहायक आयुक्त गौरव सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि भोजीपुरा के अटा कायस्थान के पते पर ''विजन ट्रेडर्स'' के नाम से 18 सितंबर 2020 को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराया गया था। इसका प्रोपराइटर मुश्फिक अली है। विभाग ने जब फर्म की तरफ से दाखिल किए गए रिटर्न की जांच की तो उसमें भारी गड़बड़ी देखने को मिली। इसके बाद टीम ने दिए पते पर जाकर उसका सत्यापन किया तो मौके पर कोई भी व्यावसायिक गतिविधि नहीं मिली और फर्म पूरी तरह से फर्जी पाई गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि विजन ट्रेडर्स ने बिना किसी माल की वास्तविक सप्लाई किए फर्जी चालान जारी किया। फर्जी आईटीसी प्राप्त करते हुए 1,20,74,663 रुपये की फर्जी आईटीसी आगे पास की, 1,20,58,047 रुपये इस प्रकार कुल 2.41 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा किया गया।

### एक ही आईपी एड्रेस का किया गया इस्तेमाल

इन जालसाजों ने एक ही आईपी एड्रेस का इस्तेमाल करते हुए जाली इलेक्ट्रॉनिक जीएसटी रिकॉर्ड तैयार किया और पोर्टल पर झूठे रिटर्न दाखिल किए। विजन ट्रेडर्स के इस फर्जी बिलिंग नेटवर्क में बरेली और मुरादाबाद की पांच अन्य फर्में भी शामिल पाई गई हैं। जिन्होंने इस फर्जी आईटीसी का सीधा फायदा उठाया है। विभाग ने इन फर्मों की भी पहचान कर ली है। जिनमें मिन्हा एंटरप्राइजेज बरेली प्रोपराइटर मुशाहिद अली, एबॉट इंटरनेशनल मुरादाबाद प्रोपराइटर अंकित अग्रवाल, एमए ट्रेडर्स बरेली प्रोपराइटर मुतानिर अली, आरके ट्रेडर्स बरेली प्रोपराइटर राज कमल बंते और सिंह ओवरसीज बरेली प्रोपराइटर रमेश ठाकुर इन सभी फर्मों ने विजन ट्रेडर्स से जाली चालानों के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेकर सरकारी राजस्व को गंभीर नुकसान पहुंचाया है।

### कई फर्मों का रजिस्ट्रेशन विभाग कर चुका है रद्द

सहायक आयुक्त गौरव सिंह ने बताया कि इनमें से कई फर्मों का रजिस्ट्रेशन विभाग ने खुद रद्द कर चुका है। भोजीपुरा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि सहायक आयुक्त गौरव सिंह की शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और फर्जीवाड़ा समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस इस पूरे सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। इस खुलासे के बाद बरेली के व्यापारी वर्ग और टैक्स चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# शंकराचार्य प्रकरण में जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नारेबाजी कर प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर शंकराचार्य प्रकरण में निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच की मांग की। इस संबंध में कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया।

पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुधवार को कचहरी स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में एकत्र हुए। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रशासनिक अफसर को दिए ज्ञापन में कहा कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े प्रकरण ने पूरे देश की आस्था को विचलित किया है। जिस प्रकार प्रदेश और केंद्र सरकार की भूमिका इस मामले में दिखाई दे रही है, उससे यह संदेह गहरा होता जा रहा है कि कहीं न कहीं राजनीतिक पूर्वाग्रह या सुनियोजित दबाव कार्य कर रहा है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि सनातन परंपरा और साधु-संतों की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि सरकार सत्य को दबाने या राजनीतिक दबाव में कार्रवाई करने का प्रयास करेगी तो कांग्रेस सड़क से सदन तक मजबूती से आवाज उठाएगी। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक मर्यादाओं की अनदेखी कर रही है और पारदर्शिता से बचने का प्रयास कर रही है। पूरे प्रकरण की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

महेश पंडित ने कहा कि पार्टी भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक सद्भाव के सम्मान के साथ खड़ी है। इस दौरान देवेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, पंकज उपाध्याय, अमन सक्सेना, मनोज शर्मा, मोबिन अंसारी, उल्फत सिंह कठेरिया, तीरथ मधुकर, अमजद, नजमी जोया खान, रामपाल माली, साहिब सिंह, बंटी सिंह, प्रेम सिंह चौधरी, नवी हसन, धर्म सिंह, अल्ताब हुसैन, मुजमिल हुसैन आदि मौजूद रहे।

# क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं आईपीएचएल स्थापना की मांग

- आंवला से सपा सांसद नीरज मौर्य ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** आंवला लोकसभा से सपा सांसद नीरज मौर्य ने बरेली में क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (आईपीएचएल) की स्थापना की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में नीरज मौर्य ने कहा है कि आंवला एवं आसपास के क्षेत्रों की जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा में एम्स सहित अन्य उन्नत स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना का मामला उठाया गया। इस संबंध में संबंधित विभागों से निरंतर पत्राचार भी किया गया। क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला की स्वीकृति के बाद लोकसभा में 13 फरवरी को सवाल उठाते हुए बरेली में स्वास्थ्य अवसंरचनाओं की स्थापना का पुनः मुद्दा उठाया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने दिए उत्तर में यह अवगत कराया कि जनपद बदायूं एवं शाहजहांपुर में कार्य प्रारंभ हो चुका है, लेकिन बरेली में भूमि उपलब्ध न हो पाने के कारण परियोजना को लखनऊ स्थानांतरित कर दिया। भूमि की अनुपलब्धता शासन-प्रशासन की गंभीर उदासीनता एवं दायित्व निर्वहन में कमी को दर्शाती है। बरेली एक प्रमुख मंडलीय मुख्यालय होने के साथ-साथ आसपास के अनेक जनपदों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का केंद्र है। ऐसी स्थिति में परियोजना का स्थानांतरण जनहित के प्रतिकूल है। बरेली में उपयुक्त भूमि शीघ्र उपलब्ध कराने संबंधी आदेश जिला प्रशासन को देने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है ताकि क्षेत्र की जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं बरेली में ही सुनिश्चित हो सकें।

# वोटर बनने को 50 से ज्यादा एनआरआई के आवेदन



कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मतदाता पंजीकरण को आवेदन करने वालों में कनाडा आस्ट्रेलिया, रूस, नेपाल और दुबई सहित कई देशों में रह रहे एनआरआई शामिल
- एनआरआई के फार्म-6 ए की जांच निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ही कर सकेंगे
- मतदाता सूची में नाम जोड़ने को सभी तहसीलों में अब तक भरे गए 243075 फार्म-6

**अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत 50 से ज्यादा विदेशों में प्रवास कर रहे भारतीयों (एनआरआई) ने भी वोटर बनने के लिए ऑनलाइन फार्म-6ए भरा है। आवेदन करने वालों में कनाडा, आस्ट्रेलिया, रूस, नेपाल, दुबई सहित कई देशों में रह रहे एनआरआई शामिल हैं। एनआरआई (नॉन रेजीडेंट इंडियन) के भरे गए फार्म-6ए की जांच निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ही कर सकेंगे। अभी इनके आवेदनों की जांच जारी है। एनआरआई आवेदकों ने फार्म-6 ए भरने के दौरान जो कागजात ऑनलाइन संलग्न किए हैं, उन सभी की जांच गहनता से की जाएगी, ताकि कोई गलती न हो सके।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बहेड़ी में 5, भोजीपुरा में 1, नवाबगंज में 1, फरीदपुर में 10, बिथरी चैनपुर में 2, बरेली शहर में 18, बरेली कैंट में 12 और आंवला में एक एनआरआई ने फार्म-6 ए भरा है। डीएम अविनाश सिंह ने पहले ही एनआरआई के आवेदन फॉर्म सही से भरवाने के निर्देश निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए थे। वहीं, एसआईआर के दूसरे चरण में जिलेभर में बुधवार तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए सभी तहसीलों में 243075 फार्म-6 भरे जा चुके हैं। एसआईआर से छूटे लोगों के पास 6 मार्च तक अपना नाम जुड़वाने का अवसर है।

एसआईआर में 25 फरवरी तक मतदाता सूचियों से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरकर 4877 लोगों ने आपत्तियां दर्ज करायी, जबकि मतदाता सूची में दर्ज नाम में संशोधन कराने के लिए 64327 लोगों ने फार्म-8 भरा है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार निस्तारण के लिए अभी 103316 फार्म-6, 3880 फार्म-7 और 39361 फार्म-8 लंबित हैं। 139759 फार्म-6 और 997 फार्म-7 और 24966 फार्म-8 का जांच के बाद निस्तारण किया जा चुका है। वहीं, एईआरओ के स्तर से फार्म-6 के 5786 आवेदन, फार्म-7 के 225 आवेदन और 2696 आवेदन फार्म-8 लंबित हैं।

### अभी तक विधानसभावार इतने फार्म भरे गए

| विधानसभा | फार्म-6 | फार्म-7 | फार्म-8 |
|---|---|---|---|
| बहेड़ी | 23739 | 547 | 7513 |
| मीरगंज | 17750 | 719 | 5304 |
| भोजीपुरा | 29866 | 716 | 6062 |
| नवाबगंज | 18589 | 339 | 6142 |
| फरीदपुर | 28833 | 203 | 4154 |
| बिथरी | 27896 | 531 | 6087 |
| बरेली शहर | 43951 | 910 | 15134 |
| बरेली कैंट | 33530 | 606 | 10525 |
| आंवला | 18921 | 306 | 3406 |
| **कुल** | **243075** | **4877** | **64327** |

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कहा- रुके वेतन प्रकरण का हो निस्तारणा, निर्धारित तिथि पर मिले वेतन
- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार :** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष श्याम सिंह और जिला महामंत्री अविनाश त्रिपाठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र हुए। कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। उनका कहना है कि वेतन भुगतान में आ रही बाधाओं को दूर पर प्रत्येक माह की 3 तारीख पर नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए, लंबित वेतन का जल्द भुगतान किया जाए। वेतन के कुल बजट का न्यूनतम 9 से 10 स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए निर्धारित किया जाए। नवीन पदों पर जल्द नियुक्ति की जाए। 10 वर्ष या अधिक सेवा हो कर चुके कर्मचारियों के समायोजन के लिए नीति बनाई जाए। वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। ताकि कर्मचारियों को राहत मिले। पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर अति शीघ्र पूरा कराया जाए।

इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. एनयू शरीक, कुलदीप, सोबरन सिंह, विजय कुमार, शिव कुमार, प्रतीक समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

जिम्मेदारी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर बृज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने जारी की सूची

# होली का तोहफा : बरेली के पांच सहित 39 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान के चलते एक साल से अटकी थी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

**अमृत विचार :** नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों के जीवन में होली पर रंग भर गए। उनके नामों की घोषणा पिछले साल से लटकी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर मंगलवार की रात बृज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने ब्रज के संगठनात्मक सात जिलों के 39 पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष घोषित कर सूची जारी कर दी। इसमें बरेली महानगर के तीन और आंवला के दो मंडल अध्यक्ष भी शामिल हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने बरेली महानगर के कैंट विधानसभा क्षेत्र के मढ़ीनाथ मंडल का सुधीर भटनागर, कालीबाड़ी मंडल का बृजेश मिश्रा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल का कन्हैया राजपूत को मंडल अध्यक्ष घोषित किया है। इसके साथ ही आंवला जिले के फरीदपुर विधानसभा के कुआंडाडा मंडल का श्यामदेव सिंह चौहान और आंवला विधानसभा के आलमपुर जाफराबाद मंडल का दिनेश जायसवाल को मंडल अध्यक्ष घोषित किया है। साथ ही शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा के मदनापुर मंडल में ब्रज मोहन सिंह को मंडल अध्यक्ष घोषित किया है।

इसके साथ हाथरस, आगरा जिला, एटा, फिरोजाबाद जिलों में 33 मंडलों के मंडल अध्यक्ष घोषित किए हैं। मंडल अध्यक्षों की सूची आने पर पदाधिकारियों का बुधवार को कई जगहों पर स्वागत हुआ। दरअसल, बरेली महानगर में दो नेताओं की खींचतान की वजह से मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा लटकी हुई थी। इसी वजह से पिछले साल घोषणा नहीं हुई।

### भाजपा कार्यालय पर तीनों नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का हुआ स्वागत





भाजपा कार्यालय पर हुए स्वागत समारोह में नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष महानगर अध्यक्ष और टीम के साथ। • अमृत विचार

**बरेली :** भाजपा कार्यालय पर बुधवार को कैंट विधानसभा के नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने तीनों मण्डल अध्यक्षों को पटका व माला पहनाकर स्वागत किया। दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष कन्हैया राजपूत को पुन: मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। कालीबाड़ी मण्डल अध्यक्ष बने बृजेश मिश्रा पूर्व में भी मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। मढ़ीनाथ मंडल अध्यक्ष बने सुधीर भटनागर मण्डल टीम में अभी तक उपाध्याय के पद पर थे। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत भाजपा महानगर के उपाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, विष्णु शर्मा, प्रभु दयाल लोधी, प्रतेश पांडेय, बंटी ठाकुर, योगेन्द्र शर्मा, विष्णु अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, रेखा श्रीवास्तव, तृप्ति गुप्ता, जेपीएस पाल, राजकिशोर कश्यप, जयदीप चौधरी ने किया। दरअसल, कैंट विधानसभा के चार मंडलों में कालीबाड़ी, दीनदयाल, मढ़ीनाथ, पूर्वी मण्डल में से तीन मंडलों के परिणाम प्रदेश नेतृत्व ने होल्ड कर दिए थे, केवल पूर्वी मंडल के अध्यक्ष जयदीप चौधरी की घोषणा हुई थी।

## बसंत चतुर्वेदी बने एआईआरएफ के सहायक महामंत्री

**बरेली, अमृत विचार :** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री बसंत चतुर्वेदी को एआईआरएफ का सहायक महामंत्री और ओमकार सिंह को जोनल सचिव बनाया गया है। इससे पूर्वोत्तर रेल कर्मचारियों के बीच जश्न का माहौल दिखा। बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि एन ई रेलवे जोन की सभी उचित मार्गों को सदैव रेलवे बोर्ड में उठाया गया है। नरमू के मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन ने बताया कि इस मौके पर कारखाना इज्जतनगर मंडल अध्यक्ष परवेज अहमद की अध्यक्षता में सभी कार्यकर्ता की मीटिंग भी की गयी। मंडल मंत्री रामकिशोर, अनुराग शुक्ला, आबिद, गोविंद पौड़वाल, राजधर शर्मा, राजवीर मीणा, देवकी नंदन जोशी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 26 फरवरी 2026
बरेली महानगर

# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में क्लिनिकल उत्कृष्टता की प्रेरक पहल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- क्लिनिकेस कॉन्क्लेव-2026 का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने क्लिनिकल केस प्रस्तुत किए

**अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बुधवार को क्लिनिकेस कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन शैक्षणिक उत्साह और क्लिनिकल जिज्ञासा के सजीव वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम आईएमए एमएसएन आरएमसीएच यूनिट के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें गतिशील क्लिनिकल केस प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता हुई, जिसका उद्देश्य भावी चिकित्सकों में डायग्नोस्टिक रीजनिंग को प्रोत्साहित करने, अकादमिक चर्चा को सुदृढ़ बनाने, क्लिनिकल कौशल को परिष्कृत करना रहा।

स्नातक मेडिकल विद्यार्थियों ने विविध एवं बौद्धिक रूप से प्रेरक क्लिनिकल केस प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में साक्ष्य-आधारित विश्लेषण, सुव्यवस्थित केस प्रस्तुति और तार्किक चिंतन पर विशेष बल दिया, जो चिकित्सा शिक्षा के मूल स्तंभ हैं। विशिष्ट अतिथियों में आईएमए एमएसएन आरएमसीएच यूनिट के चेयरमैन एवं आरएमसीएच के डीन डॉ. रजनीश पठानिया, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अर्जुन अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने प्रारंभिक क्लिनिकल अनुभव और विश्लेषणात्मक अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला, जो सक्षम एवं दक्ष चिकित्सक के निर्माण में सहायक होते हैं।

निर्णायक मंडल में डॉ. सुजॉय मुखर्जी व डॉ. ऋषि कुमार सैनी शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके क्लिनिकल दृष्टिकोण, विषय की गहराई, निदान की सटीकता, प्रस्तुति कौशल के आधार पर किया। डॉ. सुजॉय मुखर्जी, डॉ. रश्मि कत्याल एवं डॉ. इरम शैफाली ने पूरे आयोजन के दौरान शैक्षणिक मार्गदर्शन और मेंटरशिप प्रदान की। संचालन स्वर्णावो सेन, शिवम त्रिवेदी, संस्कार चौरसिया, जीत पटेल, देवाशीष चक्रवर्ती, ऋतिका पाल, जयंतिका निगम, यशिका गुप्ता, आयुष कुमार सिंह, अभिनव, आरोशी माहेश्वरी व आयुषी यादव ने किया। आयोजन ने विद्यार्थियों के चिकित्सा ज्ञान को समृद्ध करने के साथ, उनके क्लिनिकल कौशल, आत्मविश्वास और विश्लेषणात्मक क्षमता को भी नई दिशा दी, जिससे वे भविष्य में कुशल, सक्षम और संवेदनशील चिकित्सक बन सकें।

### प्रतियोगिता के विजेता

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अन्वेशा तामांग, विदुषी सुनेजा, अंजली त्यागी, द्वितीय पुरस्कार अर्नव मिश्रा, स्वाति पांडेय (2023 बैच) और तृतीय पुरस्कार ऐश्वर्या आनंद (2022 बैच) ने जीता।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में क्लिनिकेस कॉन्क्लेव में प्रमाण पत्र देते डॉ. अर्जुन अग्रवाल।

## सिटी ब्रीफ

### भाषण में स्वाति और माधव प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भौतिकी विभाग में बुधवार को पीजी फोरम की ओर से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। भौतिकी विभाग के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिकों के जीवन और उनके वैश्विक योगदान पर चर्चा की। प्रतियोगिता में स्वाति शर्मा, माधव सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो. सुंदर सिंह और अजहर हुसैन शामिल रहे। संचालन पूर्ति शर्मा व सृष्टि सक्सेना ने किया। प्रो. वीपी सिंह, प्रो. सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### वर्चुअल मीटिंग में प्रवेश सत्र पर चर्चा

**बरेली, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र की ओर से डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान करने एवं जनवरी सत्र में प्रवेश के संबध में विमर्श करने के लिए अध्ययन केंद्रों के प्राचार्यों, समन्वयकों एवं सहायक समन्वयकों के लिए वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें झांसी, कानपुर, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी आदि जिलों में इग्नू के अध्ययन केंद्रों के 50 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि इग्नू में 35 लाख से भी अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। बरेली केंद्र से डॉ. वंदना शर्मा वर्चुअल रूप से जुड़ीं।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल में शिक्षक संघ ने बुधवार को होली महोत्सव का आयोजन किया। इसमें शिक्षक और पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सिंह ने किया। प्रो. विनय ऋषिवाल ने गीत प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. आशुतोष प्रिया ने गजल सुनाई। संचालन डॉ. आभा त्रिवेदी ने किया। उपाध्यक्ष डॉ. रामकेवल, महासचिव डॉ. सुरेश कुमार, संयुक्त सचिव डॉ. प्रिया सक्सेना और कोषाध्यक्ष डॉ. पंकज राय आदि उपस्थित रहे।

## सुनीता यादव को नगर क्षेत्र अध्यक्ष चुना गया

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश परिषदीय कल्याण एसोसिएशन की बैठक बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय अरुण नगला द्वितीय में हुई। जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

नगर क्षेत्र की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सुनीता यादव को नगर क्षेत्र अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष अर्चना यादव, सचिव हिमा सक्सेना, मंत्री सुनयना शर्मा, कोषाध्यक्ष शिव कुमार, सदस्य प्रियदर्शिनी पांडेय, गुफराना, सुषमा शर्मा, मंजू आर्या का चुना गया। सुनीता यादव ने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेंगी। जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पताका यात्रा के साथ रामलीला का शुभारंभ

## नरसिंह मंदिर पर पूजन कर निकाली यात्रा, बमनपुरी में होती है फाल्गुन रामलीला, आज से मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकी ने मन मोहा

**अमृत विचार :** शहर में फाल्गुन माह में आयोजित होने वाली यूनेस्को में सम्मिलित विश्व धरोहर रामलीला का बुधवार को पताका यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। ब्रह्मपुरी में होने वाली 166 वीं फाल्गुनी रामलीला में पताका यात्रा नरसिंह मंदिर से निकली। इससे पहले मंदिर में गणेश और हनुमान का पूजन किया गया।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजू मिश्रा और मुख्य अतिथि उद्यमी अभिनव कटरू, डॉ. विनोद पागरानी ने पूजन किया। पंडित केशरी नंदन कौशिक ने पूजन संपन्न कराया। पताका यात्रा में सैकड़ों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। यात्रा नरसिंह मंदिर से ब्रह्मपुरी, मलूकपुर चौराहा, मोहल्ला सौदागरान, सीता राम कूंचा, बड़े बाजार, गढ़ईया, छोटी ब्रह्मपुरी से होते हुए वापस मूंछों वाले हनुमानजी मंदिर पर आकर संपन्न हुई। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि पताका को मंदिर के प्रांगण में लगे पीपल के वृक्ष पर बांधकर विधिवत रामलीला की शुरुआत करने की अनुमति भगवान से ली जाती है। गुरुवार शाम से रामलीला के पहले दिन से लीला का मंचन होगा।

संरक्षक अनुपम कपूर, युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना, नवीन शर्मा, देश दीपक शर्मा, राजीव खुराना, पंकज मिश्रा, अंशु सक्सेना, विवेक शर्मा, उमेश रस्तोगी, पंडित सुरेश कटिहा, पंडित विनोद शर्मा, रोहित अग्रवाल, दिनेश गौड़, अभिनय रस्तोगी, दिनेश चंद्र कटिहा, दीपक सामवेदी, आशीष अग्रवाल, धीरज दीक्षित, निशांत, अखिलेश अग्रवाल, हिमांशु, मनोज सहगल, अशोक गुप्ता, संजीव कुमार अवस्थी, प्रदीप रस्तोगी, अमित शर्मा, महेश पंडित, अमित शर्मा, सत्येंद्र पांडेय, गिरीश कपूर, सौरव शर्मा, संजू भईया, राहुल रस्तोगी, शिव कुमार बरतरिया, लक्ष्य रस्तोगी, महामंत्री सुनील रस्तोगी, दिनेश दद्दा, उपाध्यक्ष नीरज रस्तोगी, पार्षद संजीव रस्तोगी, राजकुमार गुप्ता, नवीन शर्मा, सतेंद्र पांडेय, सुरेश कटिहा, अखिलेश अग्रवाल, लवलीन कपूर, पंडित विनोद शर्मा, बॉबी रस्तोगी, महिवाल रस्तोगी, सचिन श्याम भारतीय, कौशिक टंडन आदि मौजूद रहे।



पताका यात्रा में देव स्वरूपों की झांकी और बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## नव उद्यम और नवाचार से जुड़ी अहम जानकारी दी



शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी और शिक्षक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने संस्था नवाचार परिषद के तत्वावधान में शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने रोहिलखंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन का दौरा किया और नवप्रवर्तन तथा उद्यमिता से संबंधित प्रक्रियाओं को समझा।

भ्रमण का नेतृत्व सहायक आचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ रोहित कुमार बिजौलिया, डॉ सनी पटेल और प्रांजल ने किया। विद्यार्थियों ने विचार कक्ष, सम्मेलन कक्ष और व्यक्तिगत बैठक कक्ष का अवलोकन किया। रोहिलखंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन के प्रभारी रॉबिन बालियान ने नवउद्यम, नवाचार और बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित विषयों पर चर्चा की। अध्यक्षता डीन एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी एवं संस्था नवाचार परिषद के प्रेसिडेंट डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने की। यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने इसे विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और भविष्य की नवाचार संभावनाओं के लिए उपयोगी बताया।

## राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आह्वान का भव्य आगाज



कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक डॉ एमपी आर्य, चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्थापना दिवस : पहले दिन स्किट समूह नृत्य, गायन, रंगोली समेत कई प्रतियोगिताएं हुईं

**अमृत विचार :** राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के परिसर में तीन दिवसीय 17 वें स्थापना दिवस समारोह आह्वान का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि नवाबगंज के विधायक डॉ. एमपी आर्य ने समारोह का उद्घाटन किया।

इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह अवसर विद्यार्थियों के वर्षभर के परिश्रम और उपलब्धियों का उत्सव है। वाइस चेयरपर्सन मोनिका अग्रवाल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य पर केंद्रित रहकर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। एकेडमिक एडवाइजर तूलिका अग्रवाल स्वरूप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसे उभरते तकनीकी क्षेत्रों की सामाजिक, आर्थिक व सामरिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। स्किट, समूह नृत्य, गायन, रंगोली, कला एवं शिल्प तथा प्रबंधन व तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। गुरुवार को स्टार नाइट आयोजित होगी। पद्मश्री पार्श्व गायक कैलाश खेर प्रस्तुति देंगे। सायंकालीन सत्र में प्रसिद्ध गायिका असीस कौर अपने स्वरों का जादू बिखेरेंगी। राकेश कुमार अग्रवाल, इं. रोहन बंसल, तूलिका अग्रवाल स्वरूप, ऋषभ बंसल, डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, पीयूष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बरेली चैप्टर के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कंपनी सचिव परीक्षाओं के प्रोफेशनल प्रोग्राम एवं एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए। परिणाम नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकेंटरी ऑफ इंडिया ने जारी किया है। बरेली चैप्टर से हर्षित गर्ग, राहुल अग्रवाल और ऋषिका अग्रवाल ने प्रोफेशनल प्रोग्राम उत्तीर्ण कर कंपनी सचिव की उपाधि प्राप्त की। सिमरन कौर ने एक ग्रुप उत्तीर्ण किया।

एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में विधि अग्रवाल, ईशा अग्रवाल, अदिति शर्मा, अजीत कुमार सिंह, हिमांशी जोशी, आयुषी गुप्ता, दिव्यांश सक्सेना और सायरा सलमानी ने सफलता हासिल की। अगली प्रोफेशनल व एग्जीक्यूटिव परीक्षाएं 1 से 7 जून तक आयोजित होंगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 26 फरवरी से प्रारंभ होगी। पुनर्गठित सीएसईईटी परीक्षा 1 से 4 जून तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन 1 मार्च से शुरू होंगे। चैप्टर अध्यक्ष नेहा अरोरा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि चैप्टर में सीएसईईटी, एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल कक्षाओं के संचालन की योजना बनाई जा रही है।


शयरा सलमानी।


हर्षित गर्ग।


राहुल अरोरा।


अजीत कुमार।


समरनप्रीत कौर।


अदिती शर्मा।


आशा अग्रवाल।


विधि चौधरी।

## यूपी बोर्ड : 5079 विद्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 27956 छात्रों और 22549 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। बुधवार को 25826 छात्रों और 21565 छात्राओं ने परीक्षा दी। जबकि 2130 छात्र और 984 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। इंटर संगीत गायन में एक बालक और 147 बालिकाओं का पंजीकरण था। वहीं, इंटर संगीत वादन में 32 छात्राएं पंजीकृत थीं। इंटर रसायन विज्ञान में 18604 छात्र समेत 8338 छात्राओं का रजिस्ट्रेशन था। इसमें 17484 छात्रों और 8098 छात्राएं उपस्थित रहीं। वहीं इंटर समाजशास्त्र में 3008 छात्रों और 5670 छात्रों का पंजीकरण था। इनमें से 2689 छात्र और 538384 छात्राएं उपस्थित रहीं। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में कुल 5079 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### ज्योति कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ वन्दे मातरम से किया। डॉ. चारू त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर सेमिनार के विषय से अवगत कराया। मुख्य अतिथि सीएसआरआई के निदेशक डॉ. जगवीर सिंह त्यागी ने बताया कि शिक्षा में समयानुसार बदलाव की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि एनईपी-2020 लागू करने का उद्देश्य ग्रास इनरोलमेन्ट रेशियो, जीडीपी बढ़ाना व विद्यार्थी केन्द्रित शिक्षा के लिए प्रावधान करने का है। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के की-नोट स्पीकर प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने मुख्य थीम, सब थीम के विषय में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेमीनार की स्मारिका का विमोचन किया। ऑनलाइन व ऑफलाइन में डा. चारू त्रिपाठी व डा. विवेक त्रिवेदी की अध्यक्षता में पत्र वाचन किये। नर्सिंग प्राचार्य डा. वीर विक्रम सहदेव सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के सदस्य, विभागों के शिक्षक शिक्षिकाएं, प्रतिभागी उपस्थित रहे। संचालन डा राहुल यादव एवं मिस रूथ क्रिस एम लाल ने किया।

### अभिनेता अरुण बख्शी दोस्त से मिलने पहुंचे नगर निगम



**बरेली, अमृत विचार :** बालीवुड अभिनेता एवं सिंगर अरुण बख्शी मित्र राजकुमार समदर्शी से मिलने बुधवार को नगर निगम परिसर पहुंचे। उन्होंने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मुलाकात की। नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया। अरुण बख्शी ने बरेली में हुए विकास कार्यों व स्वच्छता के लिए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के प्रयासों की प्रशंसा की। कहा कि उनके प्रयासों से बरेली के लोगों को अच्छी सफाई, बिजली, पानी व नागरिक सुविधाएं मिल रही हैं। अरुण बख्शी ने लोगों से मार्च के महीने में आ रही स्वच्छता टीम का सहयोग कर अपना फीडबैक देने और बरेली को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करने की अपील की। नगर निगम कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष राजकुमार समदर्शी, अपर नगर आयुक्त बृजभूषण राय आदि मौजूद रहे।

## बैडमिंटन सिंगल में योगेश कुमार विजेता

**बरेली, अमृत विचार :** राज्य कर विभाग के स्थापना दिवस पर तीन दिन जोनल कार्यालय परिसर में बैडमिंटन, कैरम और शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने भाग लिया। बैडमिंटन पुरुष सिंगल में योगेश कुमार मौर्य विजेता रहे। क्रिकेट में बैंच एकादश ने बार एकादश को 59 रन से हराया। हरित कुमार राज्य कर अधिकारी को मैन ऑफ दा मैच घोषित किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## स्कूल प्रिंसिपल्स ने मनाया रंगोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपल्स ने एक होटल में होली रंगोत्सव मनाया। जहां सहोदय स्कूल्स की कोर कमेटी के सदस्यों और प्रिंसिपल ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

होली रंगोत्सव का आयोजन बरेली सहोदय की प्रेसिडेंट जे के साहनी, इवेंट कन्वीनर डा. युहान कुंवर वाइस प्रेसिडेंट डॉ सरिता सिरोही ने किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फन गेम्स और सामूहिक संवाद का आयोजन भी किया। प्रेसीडेंट जसमीत सहानी, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सरिता सिरोही, सचिव डॉ गुरदीप सिंह, इवेंट कन्वीनर डॉ योहान कंवर सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपल्स मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया ● वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

आयोजन | छावनी की हस्तशिल्प प्रदर्शनी बनी संस्कृति-कला की उम्मीदों का मंच

# प्रदर्शनी में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की दिखी झलक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय कला व हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छावनी कैंट स्थित युगवीणा लाइब्रेरी परिसर में हस्तकला उत्सव-हस्तशिल्प प्रदर्शनी का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। यह प्रदर्शनी तीन मार्च तक चलेगी। जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से 55 से अधिक हस्तशिल्प स्टॉल लगे हैं। स्टॉल लगाने वालों में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के कलाकार शामिल हैं। इसे हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की तरफ से आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम ने हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उनके साथ डॉ, तनु जैन सीईओ बरेली कैंटोनमेंट समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने स्टॉल्स का दौरा किया। शिल्पकारों से बातचीत की और प्रदर्शित उत्पादों की विविधता और गुणवत्ता की सराहना की। साथ ही कारीगरों को ज्यादा पहचान और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर दिया। मेयर ने कहा कि भारतीय हस्तकला उत्सव भारत की समृद्ध शिल्प विरासत को मनाने के साथ-साथ कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमों को सीधे बाजार से जोड़ने की एक सार्थक पहल है।

उन्होंने कहा कि ऐसे मंच कारीगरों की आजीविका मजबूत करते हैं, पारंपरिक कौशल को सुरक्षित रखते हैं और कारीगरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़कर समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। ईपीसीएचके अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि भारतीय हस्तकला उत्सव हमारे कारीगरों और शिल्प उद्यमों के लिए घरेलू बाजार के अवसरों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। प्रदर्शनी में हस्तनिर्मित साड़ियां, लकड़ी के खिलौने, होम फर्निशिंग उत्पाद, गृह सज्जा सामग्री समेत पारंपरिक हस्तशिल्प एवं कला उत्पाद सजाए गए हैं।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मेयर डॉ. उमेश गौतम, साथ में सीईओ डॉ. तनु जैन व अन्य। ● अमृत विचार

### मेले में आज कर सकेंगे निशुल्क ऊंट की सवारी

मेले में अधिक से अधिक लोग पहुंचे, इसके लिए विभाग पूरी कोशिश कर रहा है। मेले में पहुंचने वालों के लिए राजस्थान से एक ऊंट मंगाया गया है। मेल में आने वाले लोग ऊंट की निशुल्क सवारी कर सकेंगे। मेले में रोजाना इस तरह से कुछ न कुछ लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। जिससे मेले में आने वाले लोगों को भी यहां पर आनंद की अनुभूति हो।